QP CODE: 24900131

Reg No:...................

Name:.......................

# MAHATMA GANDHI UNIVERSITY, KOTTAYAM

## FIRST SEMESTER MGU-UGP (HONOURS) REGULAR EXAMINATION NOVEMBER 2024

**First Semester**

**Discipline Specific Core Course - MG1DSCHIN100 - LEARN, WRITE, GO AHEAD**

(2024 ADMISSION ONWARDS)

Duration: 2 Hours | Maximum Marks: 70

**Remember (K), Understand (U), Apply (A), Analyse (An), Evaluate (E), Create (C), Interest (I), Appreciation (Ap), and Skill (S)**

*Students should attempt atleast one question from each course outcome to enhance their overall outcome attainability.*

[Learning Domain][CO No(s)]

### Part A

Multiple Choice Questions

सही उत्तर चुनकर लिखिए।

1 भारतीय सिनेमा का जन्म कहाँ हुआ? [U] [2]

a) चेन्नई  b) मुंबई

c) पंजाब  d) राजस्थान

2 बॉलीवुड में मसाला फिल्मों का जन्म किस दशक में हुआ? [U] [2]

a) 1950 b) 1960

c) 1970 d) 1980

3 मसाला फिल्मों के पिता कौन है? [U] [2]

a) मनमोहन देसाई b) केतन मेहता

c) सत्यजित राय d) गोविन्द निहलानी

4 सन् 1999 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार मिले हिंदी सिनेमा के निर्देशक कौन है? [U] [1]

a) हृषिकेश मुखर्जी b) वी. शांताराम

c) यश चोपड़ा d) सत्यजित राय

5 श्याम बेनेगल को किस वर्ष में पदम भूषण मिला? [U] [2]

a) 1987 b) 1989

c) 1999 d) 2000

6 हिन्दी में यात्रा वृत्त लेखन की परंपरा का सूत्रपात किसने किया? [K] [2]

a) रामचंद्र शुक्ल b) भारदेन्दु हरिश्चंद्र

c) अज्ञेय d) जोशी

7 आवारा मसीहा ' में किसके बारे में लिखा गया है ? [U] [3]

a) गोपाल शर्मा b) शरदचंद्र चट्टोपाद्याय

c) यशपाल d) अमृतराय

8 मुंशी गुरसहायलाल किस पेशे से संबंधित थे? [U] [3]

a) किसान b) व्यापारी

c) पटवारी d) शिक्षक

9 प्रेमचन्द का असली नाम क्या था? [U] [3]

a) प्रेमचंद b) धनपत

c) नवाब d) मुंशी गुरसहायलाल

10 नुक्कड़ नाटक कहां पर खेला जाता है? [U] [3]

a) थिएटर b) नाट्य मंडली में

c) सार्वजनिक स्थानों में d) वातानुकूलित कमरों में

11 इंसान किसका एकांकी संग्रह है? [U] [3]

a) सुरेन्द्र वर्मा b) प्रेमचंद

c) विष्णु प्रभाकर d) अमृत राय

12 ए. आर रहमान के किस सिनेमा को सर्वश्रेष्ठ साउंडट्रैक का पुरस्कार मिला? [U] [1]

a) स्लमडोग मिलेनियर b) चलबाज

c) साजन d) डर

13 हिंदी शब्द लिखिए : Cow [K] [4]

a) भैंस b) बैल

c) गाय d) भेड़

14 अंग्रेज़ी शब्द लिखिए : भेड़ [U] [6]

a) Sheep b) Cow

c) Goat d) Tiger

15 अंग्रेज़ी शब्द लिखिए : बैल [U] [4]

a) Buffalo b) Sheep

c) Bull d) Cow

16 अंग्रेज़ी शब्द लिखिए : मुर्गा [U] [4]

a) Donkey /Ass b) Cat

c) Rooster d) Dog

17 अरे यायावर रहेगा याद ' किसकी रचना है? [K] [5]

a) विष्णु प्रभाकर b) अज्ञेय

c) गोपाल शर्मा d) अमृतराय

18 हिंदी का प्रथम जीवनीकार कौन है ? [U] [5]

a) अमरकांत b) रामकुमार वर्मा

c) जयशंकर प्रसाद d) गोपाल शर्मा शास्त्री

19 अंग्रेज़ी शब्द लिखिए : मैना [U] [4]

a) peacock b) Hawk

c) Myna d) Crow

20 सही उत्तर लिखिए : किलोग्राम ----- की इकाई है ? [K] [4]

a) दूरी b) वज़न

c) तापमान d) समय

(20 × 1 = 20)

**Part B**

Very Short Answer Type Questions

एक या दो वाक्यों में किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

21 सत्यजीत राय के चार सिनेमओं के नाम लिखिए। [U] [1]

22 युवती लड़की को आत्महत्या से कैसे बचाती है? [An] [2]

23 अज्ञेय की कहानियों का परिचय दीजिए। [K] [2]

24 हिंदी में किन्हीं चार भिन्न संख्याओं के नाम। [U] [2]

25 विष्णु प्रभाकर के चार एकांकी संग्रहों का नाम लिखिए। [K] [3]

26 हिंदी साहित्य क्षेत्र में अमृतराय की ख्याति का कारण क्या है ? [U] [3]

27 किन्हींचार पेशों के नाम। [U] [4]

28 किन्हीं चार अतिरिक्त घरेलू सामानों के नाम। [U] [4]

29 बातचीत के दौरान किसी की राय से असहमति प्रकट करने का औपचारिक और अनौपचारिक तरीका क्या हो सकता है? [U] [4]

30 समाज की प्रगति के लिए क्या आवश्यक है ? [U] [5]

31 समकालीन कहानियों की विशेषता क्या है? [U] [5]

32 चार रंगों के नाम हिंदी में लिखिए। [U] [6]

(10 × 2 = 20)

## Part C

Short Answer Type Questions

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

33 आजकल प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुकी है। वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण सभी पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं। प्रदूषण के कारण अनेक बीमारियाँ फ़ैल रही हैं। हमें प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए। पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़ - पौधे लगाना महत्वपूर्ण है। प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए। वाहनों के प्रदूषण को नियंत्रित करना आवश्यक है। स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का उपयोग बढ़ाना चाहिए। प्रदूषण से बचने के लिए जागरूकता फैलाना आवश्यक है। हमारे प्रयास ही भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं। [U] [3, 4]

1.प्रदूषण किसे प्रभावित कर रहे है ? 2
पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए महत्वपूर्ण कार्य क्या है ?
3.प्रदूषण से बचने के लिए किस वस्तु का उपयोग कम करना है ? 4.
प्रदूषण के कारण क्या फैल रही हैं ? 5.उपर्युक्त
गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिये।

34 "मोबाइल फ़ोन, जिसे सेल्युलर फ़ोन भी कहा जाता है, प्रौद्योगिकी का एक हिस्सा है, जिसने दुनिया को मुट्ठी में करके हमारे जीवन को बहुत प्रभावित किया है। ऑडियो, वीडियो और टेक्स्ट जैसे मीडिया के विभिन्न रूपों के माध्यम से तुरंत संवाद करने की क्षमता के साथ, मोबाइल फ़ोन सभी उम्र के लोगों के लिए एक आवश्यक उपकरण बन गया है। शुरुआती दिनों में मोबाइल, कॉल करने और कॉल रिसीव करने के लिए एक उपकरण के रूप में काम करता था। कॉल के उपकरण के रूप में अपने शुरुआती दिनों से लेकर, वेब ब्राउजिंग, गेमिंग, फ़ोटोग्राफ़ी और नेविगेशन जैसी क्षमताओं की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ एक बहुमुखी उपकरण के रूप में अपनी वर्तमान स्थिति तक इसके उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए मोबाइल फ़ोन लगातार विकसित हुआ है। सोशल मीडिया से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग, गेम्स, वीडियो शूटिंग, बैंकिंग और मनोरंजन तक। मोबाइल फ़ोन ने संभावनाओं की पूरी एक दुनिया खोल दी है। मोबाइल फ़ोन के व्यापक उपयोग का शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और परिवहन जैसे उद्योगों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। [U] [5, 6]

1.मोबाइल फोन का दूसरा नाम क्या है?

2. मोबाइल फ़ोन किन-किन माध्यमों से संवाद करने की क्षमता प्रदान करता है?
3 शुरुआती दिनों में मोबाइल फ़ोन का मुख्य कार्य क्या था?
4. वर्तमान में मोबाइल फ़ोन के विकास ने किन - किन सुविधाओं को जोड़ा?
5.मोबाइल फ़ोन के उपयोग के सकारात्मक प्रभाव किन-किन उद्योगों पर पड़ा ?"

35 "12th फेल' एक प्रेरणादायक हिन्दी फ़िल्म है, जो 2023 में रिलीज हुई थी। जो अनुराग पाठक के उपन्यास पर आधारित है। इस फ़िल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है। फ़िल्म की मुख्य भूमिका में विक्रांत मैसी हैं, जो एक युवक की कहानी को दर्शाते हैं जो 12वीं कक्षा में फेल हो जता है। इसके बावजूद, वह हार नहीं मानता। इसकी कहानी मनोज शर्मा के संघर्ष और संकल्प को दिखाती है। [U] [1, 2]
1 12th फेल का रिलीसिंग वर्ष लिखिए।
2 12th फेल किसके उपन्यास पर आधारित है?
3.12th फेल का निर्देशन किसने किया?
4. 12th फेल की मुख्य भूमिका किसने की ?
5.12th फेल किसके संघर्ष पर आधारित है? "

(2 × 5 = 10)

## Part D

Conversation Making Question

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

36 किसी पुलिस अधिकारी से ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर औपचारिक बातचीत कीजिए। [A] [1, 4]

37 आपके मनपसंद हिंदी फ़िल्म अभिनेत्री के साथ एक साक्षात्कार तैयार कीजिए। [A] [1, 2]

38 किसी एक पर्यटक के साथ बातचीत का नमूना प्रस्तुत कीजिए। [A] [2, 3]

39 रेलवे स्टेशन में बातचीत तैयार कीजिए। [A] [5, 6]

(2 × 10 = 20)

## END OF THE QUESTION PAPER

***